राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

वर्ष: 48 अंक 230
जौनपुर, शनिवार
06 जून 2026

तापमान
अधिकतम / न्यूनतम
38°C | 29°C

मूल्य 3.00 रुपये पृष्ठ-8 | जौनपुर, अयोध्या, लखनऊ, पटना (बिहार), ठाणे (महाराष्ट्र), भोपाल (मप्र) से प्रकाशित | www.tarunmitra.in













## सिलिंडर फटने से घर में लगी आग, 3 लोगों की मौत

**नई दिल्ली, 05 जून।** तेलंगाना के मिरियालगुडा के कलाकावाड़ा में एक घर में सिलिंडर ब्लास्ट हो गया। इसके कारण घर में आग लग गई और करीब 3 लोगों की मौत हो गई। फायर विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि देर रात करीब 12:30 बजे आग लगने की सूचना मिली। एक फायर इंजन मौके पर पहुंचा और आग पर काबू पाया गया। हम मामले की जांच कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'सिलेंडर फटने से तीन लोगों की मौत हो गई। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मरने वालों में एक बुजुर्ग महिला, एक लड़की और एक लड़का शामिल हैं। जांच पूरी होने के बाद हम और जानकारी देंगे।'

## कांग्रेस ने पवन खेड़ा को दिया राज्यसभा का टिकट

**नई दिल्ली, 05 जून।** कांग्रेस पार्टी ने पवन खेड़ा को राज्यसभा का टिकट दिया है। इस खबर को महज एक हार्ड न्यूज नहीं कहा जा सकता। वजह यह है कि इस टिकट के पीछे पवन खेड़ा की सालों की तपस्या है। वैसे तो पार्टी की प्रेस कॉन्फ्रेंस और न्यूज चैनलों पर वे सालों से पार्टी का पुरजोर तरीके से पक्ष रखते आ रहे हैं, लेकिन हाल के दिनों में उनकी मानो एक फायरब्रैंड कांग्रेसी के रूप में छवि बन गई है। अब राज्यसभा टिकट के रूप में उन्हें पार्टी आलाकमान से बड़ा इनाम मिला है।

गौरतलब है कि कांग्रेस आलाकमान ने 18 जून को होने वाले राज्यसभा चुनाव के लिए जारी अपनी 7 उम्मीदवारों की सूची में पवन खेड़ा का नाम शामिल किया है। उन्हें कर्नाटक से मैदान में उतारा गया है। इसके साथ ही पवन खेड़ा अपने संसदीय पारी की शुरुआत भी करने जा रहे हैं। उन्हें राज्यसभा टिकट मिलते ही राजनीतिक गलियारों में एक वाक्य खूब प्रसिद्ध हो रहा है- 'पवन खेड़ा की तपस्या पूरी हुई'।

## उग्रवादियों ने घात लगाकर गांव पर किया हमला

**नई दिल्ली, 05 जून।** मणिपुर के कांगपोकपी जिले में शुक्रवार को एक बार फिर हिंसा भड़क उठी। अज्ञात हथियारबंद हमलावरों ने एक आदिवासी बहुल गांव पर हमला कर दिया, जिसमें एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई। हमलावरों ने गांव के कई घरों में आग भी लगा दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक अज्ञात समूह से जुड़े हथियारबंद कैडरों ने लोइबोल खुल्लेन गांव पर अचानक हमला बोल दिया। इस हमले का जवाब वहां मौजूद दूसरे हथियारबंद समूह ने जवाबी गोलीबारी से दिया। इसके बाद दोनों प्रतिद्वंद्वी गुटों के बीच लगभग आधे घंटे तक भीषण गोलीबारी हुई। इस क्रॉसफायर की चपेट में आने से तीन ग्रामीणों की जान चली गई। मृतकों की पहचान लेतखोंगाम हाओकिप, उनकी पत्नी टिनमैरी हाओकिप और जांगमिनलाल हाओकिप के रूप में हुई है।

**कई घर जलकर खाक:** पुलिस अधिकारी के अनुसार, इस अचानक हुए हमले और भारी गोलीबारी के बाद गांव में दहशत फैल गई। अपनी जान बचाने के लिए डरे-सहमे ग्रामीण अपने घरों को छोड़कर भाग गए और पास के जंगली इलाकों में शरण ली। हमलावरों ने गांव में कम से कम सात घर जलकर पूरी तरह खाक हो गए। इसके अलावा, ग्रामीणों की संपत्तियों को भी भारी नुकसान पहुंचाया गया है।

## एफआईआर में जोड़ा गया खान सर का नाम

### ❖ गलत सूचना देने और आर्म्स एक्ट का आरोप, गिरफ्तारी की संभावना

**पटना, 05 जून।** पटना में खान ग्लोबल स्टडीज कोचिंग पर फायरिंग मामले में खान सर की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। मामले से जुड़े कई नए वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने बीते रोज दर्ज की गई एफआईआर में फैसल खान (खान सर) का नाम जोड़ दिया है। इसके साथ ही खान सर पर गिरफ्तारी की तलवार लटक गई है। कदमकुआं थाने में आर्म्स एक्ट और झूठी सूचना के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस जांच में जुटी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच जारी है और देर शाम तक विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी। साक्ष्यों के आधार पर पूरे मामले की जांच की जा रही है।



**झूठी सूचना देने का आरोप:** टाउन डीएसपी-1 राजेश रंजन ने बताया कि फायरिंग की घटना को लेकर पुलिस को गलत जानकारी दी गई। इसी आधार पर आर्म्स एक्ट और झूठी सूचना देने का मामला दर्ज किया गया है। वहीं दोनों गार्ड को जेल भेज दिया गया है। पुलिस का आरोप है कि फायरिंग के बाद बुलेट के पैलेट को भी छिपाने की कोशिश की गई।

मामला 2 जून की रात खान सर के कोचिंग सेंटर पर हुए हमले से जुड़ा है। इस मामले में खान सर ने कई राउंड गोली चलाए जाने का आरोप लगाया था। जिस कोचिंग सेंटर पर यह आरोप लगा, उसकी ओर से वीडियो जारी किए जाने के बाद खान सर के दो गार्ड को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। खान सर से भी एक दिन पहले पूछताछ की गई थी। बताया जाता है कि खान सर ने पुलिस को बताया कि आत्मरक्षा में गोली चलाई गई थी।

## तमिलनाडु भाजपा प्रमुख रहे अन्नामलाई ने पार्टी छोड़ी

**नई दिल्ली, 05 जून।** बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने तमिलनाडु के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई का पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से दिया गया इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। अन्नामलाई ने मंगलवार को नितिन नवीन से मिलकर अपना इस्तीफा सौंपा था, तभी से उन्हें मनाने की कोशिश चल रही थी। बीजेपी लगातार दावा कर रही थी कि तमिलनाडु इकाई में पूरी एकता बनी हुई है और पूर्व राज्य अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने न तो इस्तीफा दिया है और न ही कोई नई राजनीतिक पार्टी बनाने की योजना बना रहे हैं। लेकिन अब उनके इस्तीफे को स्वीकार कर लिया गया है।

### भाजपा ने इस्तीफा स्वीकार किया



**शाह से की थी मुलाकात:** मंगलवार को दिल्ली पहुंचे अन्नामलाई ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की। अमित शाह ने अन्नामलाई को केंद्रीय संगठन की ओर से पूरी तरह से सहयोग और प्रदेश नेताओं को स्पष्ट निर्देश जारी किये जाने का भरोसा दिया। दावा किया गया कि भाजपा से इस्तीफा देने पर अड़े अन्नामलाई अमित शाह से मिलने के बाद नरम पड़ गए हैं। ये भी चर्चा थी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद ही वे इस्तीफे को लेकर अंतिम फैसला करेंगे।

**आईपीएस से बने नेता:** 4 जून को अन्नामलाई के जन्मदिन से पहले चेन्नई की प्रमुख सड़कों और इलाकों में उनके समर्थन में पोस्टर लगाए गए थे। पोस्टरों पर 'हमारे नेता, आइए और हमारा नेतृत्व कीजिए' जैसे नारे लिखे गए थे।

बता दें कि पूर्व आईपीएस अधिकारी अन्नामलाई 2020 में भाजपा में शामिल हुए थे और इन्होंने 2021 से 2025 तक पार्टी के तमिलनाडु अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। अपने कार्यकाल के दौरान, वह राज्य में पार्टी के सबसे प्रमुख चेहरों में से एक बनकर उभरे।





❖ आर.एन. टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सहयोग से डायग्नेटो डायग्नोस्टिक सेंटर पर सभी विद्यार्थियों को नि:शुल्क जाँच सुविधा उपलब्ध। ❖ सभी शिक्षकों, अभिभावकों एवं अन्य विद्यार्थियों को सभी मेडिकल/जाँच सेवाओं पर 50% की विशेष छूट।

आपका स्वास्थ्य, हमारी प्राथमिकता!


## महोबा में बरगद के पेड़ से टकराया डीसीएम वाहन

### 12 लोग हुए घायल, 20 खच्चर मरे

**महोबा, 05 जून।** शुक्रवार सुबह तेज रफ्तार डीसीएम वाहन बरगद के पेड़ से टकरा गया। हादसा इतना भीषण था कि विशालकाय पेड़ जड़ से उखड़ गया। इस दुर्घटना में ईंट भट्टा मजदूरों के एक ही परिवार के 12 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिनमें चार मासूम बच्चे शामिल हैं। पांच गंभीर घायलों को जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया गया। वहीं वाहन में लदे 35 खच्चरों में से 20 की मौके पर ही मौत हो गई।



महोबा जनपद में श्रीनगर थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरामाफ़ के पास शुक्रवार सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार डीसीएम अनयत्रित होकर बरगद के पेड़ से टकरा गया हादस इतना भीषण था कि पेड़ तक उखड़ गया। जनपद प्रयागराज के ग्राम मंझनपुर समदा स्थित एक ईंट भट्टे में मजदूरी करने वाले तीन सगे भाइयों का परिवार छुट्टी मिलने पर डीसीएम गाड़ी भाड़े में करके अपने घर लौट रहा था। तभी ये दर्दनाक हादसा हो गया।

**पीड़ितों ने लगाई मदद की गुहार:** गाड़ी में लालू बेलदार, विमलेश और इमराज का पूरा परिवार अपने मासूम बच्चों और आजीविका के साधन 35 खच्चरों के साथ मध्य प्रदेश के जनपद टीकमगढ़ जा रहा था। हादसा होते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने तत्काल सभी घायलों को उपचार के लिए जिला पुरुष अस्पताल पहुंचाया। घायलों में 30 वर्षीय लालू बेलदार उसकी पत्नी 28 वर्षीय रचना, पुत्र 8 वर्षीय चंदू, ढाई वर्षीय फिरोज, 8 माह का शिवप्रीत, 25 वर्षीय विमलेश उर्फ लाली उसकी 12 वर्षीय पत्नी रानी, पुत्री 6 वर्षीय रायना, पुत्र दो वर्षीय प्रिंस, 19 वर्षीय इमराज उसकी पत्नी 18 वर्षीय रुबीना और क्लीनर आगरा के थाना बालपुर के ग्राम ककवा निवासी 30 वर्षीय बाबी शामिल हैं। डॉ. नवीन चौहान ने घायलों का इलाज किया और लालू, चंद, रानी, प्रिसं, बाबी को नाजुक हालत में मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया गया। दुर्घटना के बाद डीसीएम चालक मौके से फरार हो गया।

अनुमान लगाया जा रहा है कि चालक को या तो नींद की झपकी आ गई थी या वह नशे में था। जिससे दुर्घटना हो गई और चालक फरार हो गया। हादसे ने इस गरीब परिवार की रीढ़ ही तोड़ दी है। परिवार के 12 लोग घायल हुए और उनके कमाऊ साधन यानी 20 खच्चरों की भी मौत हो गई है। पीड़ितों ने रोते हुए प्रशासन से इलाज और मवेशियों के नुकसान के लिए मुआवजे की गुहार लगाई है। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।






## यूपी में 3 फीट जमीन के विवाद में 8 साल के मासूम की हत्या

**लखीमपुर खीरी, 05 जून।** तारा नगर गांव में तीन फीट जमीन के विवाद ने रिश्तों को शर्मसार कर दिया। गुरुवार की देर रात मां के सामने ही आठ वर्षीय बालक की गला रेतकर हत्या कर दी गई।

आरोप है कि वारदात को बच्चे के दो चाचाओं ने अंजाम दिया। विरोध करने पर मां पर भी चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है।तारा नगर गांव निवासी ज्ञानवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पति रामप्रसाद का मानसिक संतुलन ठीक नहीं है।

### मां के सामने चाचाओं ने रेता गला

गुरुवार रात वह अपने आठ वर्षीय पुत्र रवि के साथ छप्परनुमा घर में सो रही थीं। रात करीब पौने दो बजे आहट होने पर उन्होंने टॉर्च जलाकर देखा, लेकिन कोई दिखाई नहीं दिया। इसके बाद वह दोबारा सो गईं।आरोप है कि कुछ देर बाद उनके पति के चचेरे भाई सियाराम और हरेराम वहां पहुंचे।

सियाराम ने उन्हें पकड़ लिया, जबकि हरेराम ने मच्छरदानी के भीतर सो रहे रवि पर चाकू से हमला कर दिया। गर्दन पर वार होने से बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मां के विरोध करने पर आरोपितों ने उनकी गर्दन और दाहिने हाथ पर भी चाकू से कई वार किए। इसके बाद दोनों मौके से फरार हो गए। परिजन घायल मां-बेटे को एंबुलेंस से अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में रवि ने दम तोड़ दिया। घायल महिला का उपचार अस्पताल में चल रहा है।

पुलिस के अनुसार जमीन के छोटे से हिस्से को लेकर लंबे समय से विवाद चला आ रहा था। उसी रंजिश में वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए। प्रभारी निरीक्षक अवध राज सिंह सेंगर ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश की जा रही है। मामले की गहन जांच की जा रही है।

## एक्स गर्लफ्रेंड पर 30 वार, फिर युवक ने खुद का गला रेता

**मोहाली, 05 जून।** पंजाब के मोहाली जिले के फेज-11 स्थित एसआरपी यूएस लॉजिस्टिक्स कंपनी में गुरुवार की शाम हड़कंप मच गया जब प्यार पागल एक युवक ने अपनी एक्स गर्लफ्रेंड और ऑफिस सहकर्मी 29 वर्षीय युवती पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवती को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वारदात के बाद आरोपित ने खुद को भी चाकू मार लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद हत्या का केस दर्ज कर लिया है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि डिंपल आरोपी की एक्स गर्लफ्रेंड थी। वीरवार शाम कार्यालय में काम खत्म होने के दौरान आरोपित ने डिंपल को रोककर उससे बात करने की कोशिश की। बताया जा रहा है कि जब डिंपल ने उससे बातचीत करने से इनकार कर दिया तो आरोपित गुस्से में आ गया और चाकू से हमला कर दिया।






एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा हुआ कार्यक्रम, रोपे गये कई पौधे

# विश्व पर्यावरण दिवस : धरा का हुआ श्रृंगार

**सोनभद्र (तरूणमित्र न्यूज)।** विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के अवसर पर एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा विंध्य अस्पताल परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) संजीब कुमार साहा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम मेंए. जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण),एम. सुरेश, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस एवं एडीएम),एस. के. सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं एफएम), डॉ. बी. के. भराली, महाप्रबंधक (चिकित्सा) तथारूमा दे शर्मा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) सहित विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी, उनके परिजन एवं लगभग 150 जेम-2026 की बालिकाएं उत्साहपूर्वक शामिल हुईं।




कार्यक्रम के अंतर्गत अस्पताल परिसर में विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण कर हरित आवरण बढ़ाने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया गया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए संजीब कुमार साहा ने कहा कि आज लगाया गया प्रत्येक पौधा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं हरित भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण की शपथ के साथ हुआ। शपथ का वाचन संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) द्वारा अंग्रेजी में तथाएम. सुरेश, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस एवं एडीएम) द्वारा हिंदी में कराया गया।

सभी प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी ने प्रकृति संरक्षण, सतत विकास एवं पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार व्यवहार को बढ़ावा देने के लिए एनटीपीसी विंध्याचल की प्रतिबद्धता को पुनः सशक्त रूप से प्रदर्शित किया। यह आयोजन हरित एवं स्वच्छ भविष्य के निर्माण हेतु सामूहिक प्रयासों का प्रेरणादायक उदाहरण बना।

## मनऊर में मनाया गया जल अर्पण दिवस समारोह 2026 ग्रामीणों ने ली जल संरक्षण की शपथ

**मीरजापुर।** जनपद के विभिन्न हिस्सों में जहां विश्व पर्यावरण पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए वही इससे कुछ अलग हट शुक्रवार, 5 जून 2026 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत मनऊर, विकास खंड जमालपुर में पंचायत भवन पर जल जीवन मिशन गोठौरा, जमालपुर के सिनियर इंजीनियर रविशंकर सिंह द्वारा अपनी टीम के सुपरवाइजर शिवम्, ओमप्रकाश कौशल, सुनील गुप्ता एवं फीटर जगदीश कुमार, हेल्पर बाबुलाल, कमलेश के साथ जल अर्पण दिवस समारोह 2026 का आयोजन किया गया। बता दें कि इस समय टीम के प्रयास से ग्राम पंचायत-मनऊर में पेयजल का आपूर्ति सुचारू रूप से किया जा रहा है। इस अवसर अन्नदाता मंच के संयोजक चौधरी रमेश सिंह, प्रधान प्रतिनिधि जयचंद चौहान, योगेश कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, शेर बहादुर सिंह, सुरेंद्र प्रताप सिंह, बसंत कुमार सिंह, एंजल, वीर प्रताप सिंह, युग, आरू,सुबास,नखड़ू साव आदि लोग मौजूद रहे। इस मौके पर मेघा इंजीनियरिंग एण्ड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के सिनियर इंजीनियर रविशंकर सिंह द्वारा उपस्थित लोगों को जल-शपथ भी दिलाया गया, कि हम जल का सम्मान करेंगें और उसका सदुपयोग करेंगे।हम पेड़-पौधों को लगाएंगे और उनकी देखभाल करेंगे ताकि जल श्रोत सुरक्षित रहें। हम नदियों,तालाबों,कुओं एवं अन्य जल श्रोतों को स्वच्छ और संरक्षित रखेंगे। हम पानी की एक-एक बूंद बचानें और दूसरों को जागरूक करने का प्रयास करेंगे। हम स्वच्छ, सुरक्षित और निरंतर जल आपूर्ति के लिए सहयोग करेंगे तथा जल जीवन मिशन को सफल बनाएंगे। जल है तो कल है, पेड़ है तो प्राण है आइये मिलकर प्रकृति और जल की रक्षा करें।

# गुडवर्क : आठ घंटे के अंदर हत्या का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**विण्डमगंज, सोनभद्र (तरूणमित्र न्यूज)।** स्थानीय पुलिस ने हत्या की 8 घंटे में सफल अनावरण करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आला कत्ल (चापड़), मृतक का मोबाइल फोन तथा घटना के समय पहने कपड़े भी बारामद किए है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह सफलता हासिल की। जानकारी के अनुसार 04 जून 2026 को थाना क्षेत्र के ग्राम जोरूखाड़ में रजनीकांत पुत्र अश्वनी गोंड उम्र 24 वर्ष, निवासी पतरिया का शव बरामद हुआ था।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की गई। मामले में थाना विण्डमगंज पर मुकदमा संख्या-78/2026 धारा 103(1), 238(ए) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों, मुखबिर तंत्र एवं स्थानीय सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए घटना के मात्र 8 घंटे के भीतर



आरोपी दिनेश पुत्र जीत सिंह निवासी ग्राम केवाल, थाना विण्डमगंज को टहनिया खोली स्थित एक खाली मकान के पास से गिरफ्तार किया।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि मृतक रजनीकांत का उसकी पत्नी के साथ प्रेम-प्रसंग था। जिससे वह रंजिश रखता था। इसी कारण वह मृतक को बहाने से जंगल की ओर ले गया और चापड़ से हमला कर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी ने मृतक का मोबाइल फोन घटना में प्रयुक्त चापड़ तथा अपने कपड़े झाडियों में छिपा दिए थे। जिन्हे पुलिस न बरातद कर लिया। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल सुरेन्द्र प्रजापति, कांस्टेबल सुनील कुमार एवं कांस्टेबल आलोक कुमार शामिल रहे।

# पर्यावरण संरक्षण ही जीवन का मूल : डॉ0 विनोद पाण्डेय

**तरूणमित्र न्यूज**

**शक्तिनगर।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ एनटीपीसी परिसर शक्तिनगर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर दिनांक 5 जून 2026 को एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में स्वयंसेवकों द्वारा एनटीपीसी परिसर में जामुन, आम, अमरूद, नीम, सहतूत आदि पौधों का रोपण किया गया। स्वयंसेवकों द्वारा स्थानीय नागरिकों को भी पौधारोपण के लिए जागरूक किया गया एवं उन्हें पौधा दान किया गया।




विश्व पर्यावरण दिवस के इस पावन अवसर पर एनटीपीसी परिसर के शिक्षकों, कर्मचारीयों, छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण का शपथ लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ0 विनोद कुमार पाण्डेय ने स्वयंसेवकों को पर्यावरण संरक्षण के चुनौतियों के समाधान के लिए अग्रसर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सबके जीवन का मूल मंत्र है इसके बिना हमारे जीवन में संतुलन संभव नहीं है। इस अवसर पर अमित कुमार सिंह ने स्वयंसेवकों को अपने निवास के आसपास पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करने पर बल दिया।

कार्यक्रम में इकाई प्रथम के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 छोटेलाल प्रसाद ने स्वयंसेवकों से हम बदलेंगे जग बदलेगा का आह्वान किया और मानव जीवन को सुरक्षित रखने के लिए इसे एक आवश्यक कार्य बताया। इस दौरान रविकांत कुशवाहा और अम्बरीष कुमार ने भी स्वयंसेवकों को संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रोहित विश्वकर्मा, नीरज, समीर, पूनम, खुशी, प्रभा, अनुराधा, अंकिता, अमीषा, उज्जवल, अनीश, कृष्णा, प्रिया हाजरा, पल्लवी, हिमांशु, आशुतोष, चंदा, का योगदान साराहनीय रहा।

## पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए किया गया वृक्षारोपण

**मीरजापुर।** हिंदू युवा वाहिनी के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अष्टभुजा स्थित माँ पीताम्बरा देवी मंदिर परिसर में भव्य धार्मिक एवं पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके उपरांत मंदिर के पुजारी रंगनाथ दास द्वारा विधिवत आरती कर परम पूज्य योगी आदित्यनाथ महाराज का जन्मदिवस श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। पूजा अर्चना के पश्चात पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण किया गया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि वृक्ष प्रकृति का अमूल्य उपहार हैं। इनके संरक्षण एवं संवर्धन से ही आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित होगा। उन्होंने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में हिंदू युवा वाहिनी के निवर्तमान जिला संयोजक ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गोरक्ष पीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ महाराज के जन्मदिन को सेवा संस्कार और पर्यावरण संरक्षण के रूप में मनाना संगठन की परंपरा है।

# डीएम ने अटल आवासीय विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

■विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं भोजन उपलब्ध कराने के दिए निर्देश ■विद्यालय परिसर में किया वृक्षारोपण

**सोनभद्र (तरूणमित्र न्यूज)।** जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने शुक्रवार को अटल आवासीय विद्यालय, गुरमुरा का औचक निरीक्षण कर विद्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, विद्यार्थियों के लिए संचालित शिक्षण व्यवस्था, भोजनालय तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं का गहन अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने प्रधानाचार्य को निर्देशित किया कि विद्यालय में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा विद्यार्थियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्वयं विद्यार्थियों के लिए तैयार किए गए भोजन को विद्यार्थियों के साथ ग्रहण कर उसकी गुणवत्ता का परीक्षण किया। भोजन की गुणवत्ता संतोषजनक पाए जाने पर उन्होंने विद्यालय प्रशासन की सराहना की। इसके साथ ही उन्होंने छात्रावास (हॉस्टल) का निरीक्षण कर वहां की साफ-सफाई एवं व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।


आवासीय विद्यालय का निरीक्षण करते जिलाधिकारी

निरीक्षण के उपरांत उन्होंने अपर श्रम आयुक्त पिपरी को निर्देशित किया कि जनपद में ऐसे स्थलों को चिन्हित किया जाए जहां बड़ी संख्या में श्रमिक कार्यरत हैं। उन स्थानों पर श्रमिकों के विश्राम, पेयजल, स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं को सुदृढ़ करने हेतु प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## ढैंचा बीज की उपलब्धता के बारे में दी गई जानकारी

**मीरजापुर।** काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के दक्षिणी परिसर मीरजापुर स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र बरकछा में 5 जून 2026 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर खेत बचाओ अभियान का शुभारंभ कृषि विज्ञान केन्द्र के सभागार में किया गया। गोष्ठी में उपस्थित मंचाशीन अतिथियों और किसानों ने सर्वप्रथम भारत रत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। प्रो श्रीराम सिंह, अध्यक्ष, कृषि विज्ञान केन्द्र बरकछा, मीरजापुर ने सभी अतिथिगण और उपस्थित किसान समुदाय का स्वागत किया। अपने संबोधन में प्रो श्रीराम सिंह ने खेत बचाओ अभियान की रूपरेखा, खेत की मिट्टी की जांच, मृदा स्वास्थ्य कार्ड और उससे होने वाले लाभ, हरी खाद के लिए सनई, ढैंचा, लोबिया, मूंग, उर्द आदि दलहनी फसलों की बुवाई और समय से पलटकर खेत में सडाने के बाद खरीफ की फसलों की बुवाई के साथ ही जैविक उर्वरक, कम्पोस्ट खाद का अधिक से अधिक प्रयोग करने की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में विकेश पटेल उप कृषि निदेशक मीरजापुर ने कृषि द्वारा संचालित किसानोपयोगी योजनाओं और जनपद में खरीफ फसलों के साथ ही हरी खाद के लिए उपलब्ध ढैंचा बीज की उपलब्धता के बारे में जानकारी दी।

# फिल्म में काम दिलाने के नाम पर ठगों ने फेसबुक को बनाया हथियार, पुलिस ने कुछ यूं किया खुलासा

**मीरजापुर।** आनलाईन ठगी की बढ़ती घटनाओं और पुलिस के जागरुकता अभियान के बाद भी लोग सोशल मीडिया की सतरंगी आभाई दुनियां से बच नहीं पा रहे हैं। सोशल मीडिया को हथियार बनाकर ठगों ने ऐसी ही एक घटना को अंजाम दे डाला है। पुलिस के मुताबिक एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा फेसबुक ऐड के माध्यम से फ्राड की घटना से सम्बन्धित सम्पूर्ण धनराधि 4,000 को थाना मड़िहान साइबर सेल टीम द्वारा पीडित के खाते में वापस कराया गया है।

बताया गया है कि रणजीत सिंह पुत्र स्वर्गीय जयप्रताप सिंह निवासी ग्राम दाढीराम थाना मड़िहान कि पुत्री ने फेसबुक ऐड देखा था, जिसमें फिल्म, सीरियल में काम दिलाने के नाम पर 15 अप्रैल 2026 को 4,000 की साइबर ठगी कर ली गयी थी




जिसकी शिकायत उन्होंने एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज करायी गयी थी। सूचना प्राप्त होने पर थाना मड़िहान साइबर सेल द्वारा जांच प्रारम्भ की गयी। मामले में पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन एवं क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन के नेतृत्व में थाना मड़िहान साइबर सेल टीम द्वारा उपरोक्त प्रकरण में जांच के दौरान पैसे को होल्ड कराते हुए शिकायतकर्ता के खाते में सम्पूर्ण धनराशि 4,000 वापस कराये गये।

# परम्परा की वेदी पर बलि चढ़ते मासूम पौधे : शादियों में मंडप के नाम पर अंधाधुंध कटान

**दुद्धी, सोनभद्र (तरूणमित्र न्यूज)।** भारत में शादियों का सीजन आते ही हर तरफ शहनाइयों की गूंज सुनाई देने लगती है। लेकिन इस मांगलिक उत्सव के पीछे पर्यावरण विनाश की एक डरावनी तस्वीर भी छिपी है। सनातन परंपरा और सगुन के नाम पर हर साल हजारों हरे-भरे और अविकसित पौधों की बेरहमी से बलि दी जा रही है। एक अनुमान के मुताबिक, केवल एक जोड़े की शादी के लिए लगभग 28 छोटे-बड़े पौधों को काट दिया जाता है। शादी के मंडप और मड़वे को सजाने के लिए इन मासूम पौधों की लकड़ियों का इस्तेमाल होता है, जिसके कारण हमारा पर्यावरण लगातार खोखला हो रहा है।

### परंपरा की आड़ में पर्यावरण से खिलवाड़

शादी-विवाह में मड़वा गाड़ने की रस्म बेहद पुरानी है। ग्रामीण और कस्बाई इलाकों में आज भी यह मान्यता है कि मंडप के लिए जंगल से ताजी हरी लकड़ियां और महुए, सिधौत या बांस के नवजात पौधे लाना शुभ होता है। इसी अंधविश्वास और तथाकथित सगुन के फेर में लोग जंगलों का रुख करते हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि मंडप बनाने के लिए उन पौधों को निशाना बनाया जाता है जो अभी पूरी तरह विकसित भी नहीं हुए हैं। जिन पौधों को बड़ा होकर विशाल पेड़ बनना था और पर्यावरण को ऑक्सीजन देनी थी, उन्हें शादी के चंद घंटों के परम्परा निर्वहन के लिए काट कर फेंक दिया जाता है।

### अकेले सोनभद्र में हजारों पौधों की 'बलि'

सोनभद्र जिला अपनी प्राकृतिक संपदा और घने जंगलों के लिए जाना जाता है। लेकिन शादियों के सीजन में यहां के जंगलों पर चौतरफा हमला होता है। दुद्धी समेत आसपास के क्षेत्रों में हर साल हजारों शादियां होती हैं। यदि एक शादी में 28 पौधों के कटान का औसत निकाला जाए, तो केवल एक सीजन में ही लाखों अविकसित पेड़-पौधे नष्ट कर दिए जाते हैं। शादी संपन्न होने के बाद इन हरी लकड़ियों को कबाड़ या ईंधन की तरह जला दिया जाता है। यह परंपरा के नाम पर पर्यावरण के साथ किया जा रहा एक गंभीर अपराध है।

### वन विभाग की लाचारी और बेबसी

जंगलों की सुरक्षा का जिम्मा संभालने वाला वन विभाग इस कुप्रथा के सामने पूरी तरह बेबस नजर आता है। अधिकारियों का कहना है कि यह मामला सीधे तौर पर लोगों की धार्मिक भावनाओं और सामाजिक परंपराओं से जुड़ा हुआ है। जब वन कर्मी किसी को हरी लकड़ी काटते हुए पकड़ते हैं, तो श्शादी का सगुन और मांगलिक कार्य का वास्ता देकर लोग विवाद करने पर उतारू हो जाते हैं। स्थानीय दबाव और लोक-लाज के कारण विभाग कड़ी कार्रवाई नहीं कर पाता, जिसका फायदा उठाकर लकड़ी माफिया और आम लोग धड़ल्ले से जंगलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

### विकल्प मौजूद, बस सोच बदलने की जरूरत

सिविल बार एसोसिएशन दुद्धी सोनभद्र के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव एवं पर्यावरण विशेषज्ञों का मानना है कि इस विनाश को रोकने के लिए अब कड़े कदम उठाने और जन जागरूकता फैलाने की सख्त जरूरत है।कृत्रिम और लोहे के मंडपरू आधुनिक दौर में शादियों के लिए लोहे, फाइबर या सजे-धजे टेंट के रेडीमेड मंडप आसानी से उपलब्ध हैं। इनका उपयोग बार-बार किया जा सकता है।

### सूखी लकड़ियों का इस्तेमाल

यदि धार्मिक कारणों से लकड़ी का मंडप जरूरी ही है, तो जीवित पौधों को काटने के बजाय सूखी या गिरी हुई लकड़ियों का उपयोग किया जाना चाहिए।

### 'एक शादी, पांच पौधे' का संकल्प

वरिष्ठ अधिवक्ता सत्यनारायण यादव का कहना हैं कि विवाह के बंधन में बंधने वाले जोड़ों को मंडप के नाम पर पौधे काटने के बजाय, अपनी नई जिंदगी की शुरुआत पांच नए पौधे लगाकर करनी चाहिए।उन्होंने कहा कि अगर हम आज भी परंपरा के नाम पर आंखें मूंदकर प्रकृति का सीना चीरते रहे, तो आने वाली पीढ़ियों के पास सांस लेने के लिए शुद्ध हवा भी नहीं बचेगी। प्रशासन, सामाजिक संस्थाओं और जागरूक नागरिकों को आगे आकर इस कुप्रथा पर तुरंत रोक लगानी होगी, ताकि शादियों की खुशी प्रकृति के लिए मातम न बने।

## जनता को पहले से अधिक मिल रही है बिजली : एके शर्मा

**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा शुक्रवार को विंध्याचल धाम पहुंचे। मां विंध्यवासिनी मंदिर में विधि-विधान से दर्शन-पूजन किया और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। कहा कि प्रदेश की जनता को पहले से अधिक बिजली मिल रही है। मीडिया से बातचीत के दौरान ऊर्जा मंत्री ने स्मार्ट मीटर को पोस्टपेड मीटर में बदले जाने संबंधी चर्चाओं को पुराना विषय बताते हुए कहा कि प्रदेश सरकार उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के बावजूद प्रदेश में बिजली व्यवस्था पहले की अपेक्षा काफी बेहतर हुई है और उपभोक्ताओं को पर्याप्त बिजली मिल रही है। मंत्री ने बताया कि आंधी-तूफान या तकनीकी फॉल्ट जैसी परिस्थितियों को छोड़कर ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिदिन लगभग 20 घंटे तथा शहरी क्षेत्रों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि यदि किसी क्षेत्र में बिजली आपूर्ति को लेकर कोई समस्या या तकनीकी बाधा है तो उसकी जानकारी संबंधित विभाग को दी जाए।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर हुआ वृहद वृक्षारोपण

**सोनभद्र (तरूणमित्र न्यूज)।** केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 05 जून से 21 जून 2026 तक आयोजित समेकित जनकल्याण एवं जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद सोनभद्र में ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान का शुभारम्भ किया गया। जनपद के विभिन्न स्थलों पर वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

पौधारोपण महाअभियान के अंतर्गत विकास खण्ड घोरावल के तिलौली कला में आयोजित कार्यक्रम में विधायक घोरावल डॉ0 अनिल कुमार मौर्य, जिलाधिकारी चर्चित गौड़, मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।विधायक सदर भूपेश चौबे, ब्लॉक प्रमुखगण, जनप्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में आमजन ने भी जनपद के विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण कर अभियान में सहभागिता की।

जनपद में पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप प्रदान करने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों, ग्राम पंचायतों, शैक्षणिक संस्थानों एवं सामाजिक संगठनों के



सहयोग से व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण अभियान संचालित किया गया। गौरतलब है कि पौधारोपण महाअभियान के तहत जिले में 1,61,69,686 पौधे रोपने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें 10, 21, 8000 लाख पौधों का रोपण वन विभाग द्वारा किया जाएगा, शेष 5,951,686 लाख पौधों का रोपण 22 अन्य विभागों द्वारा किया जाएगा। पौधारोपण के महा अभियान के तहत सड़कों को छायादार बनाने के लिए भी सड़कों के दोनों तरफ अधिक से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण बढ़ाने तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित करने का संदेश दिया। उन्होंने जनपदवासियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। जनपद में पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप प्रदान करने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों, ग्राम पंचायतों, शैक्षणिक संस्थानों एवं सामाजिक संगठनों के सहयोग से व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण अभियान संचालित किया गया।

## पूर्वांचल की बेटी वर्षा श्रीवास्तव ने बढ़ाया मान



**भदोही।** मिर्जापुर की मूल निवासी और प्रयागराज से जुड़े परिवार की प्रतिभाशाली अभिनेत्री वर्षा मानिकचंद्र श्रीवास्तव ने हाल ही में प्रदर्शित फिल्म बाबा नीम करौली महाराज में मौनी मां की महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर पूर्वांचल का गौरव बढ़ाया है। वर्षा का वाराणसी से भी गहरा जुड़ाव रहा है। शिक्षा, सांस्कृतिक गतिविधियों और पारिवारिक संबंधों के कारण काशी की आध्यात्मिक-सांस्कृतिक परंपरा से उनकी निकटता उनके व्यक्तित्व और अभिनय में साफ दिखती है। बाबा नीम करौली महाराज फिल्म बाबा के आध्यात्मिक जीवन, चमत्कारों, करुणा और जनकल्याणकारी विचारों पर आधारित है। इसमें बाबा के जीवन से जुड़े कई ऐसे प्रसंग दिखाए गए हैं जिनसे उनके भक्त अब तक अनजान थे। फिल्म बाबा के मानवीय और आध्यात्मिक दोनों पहलुओं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करती है। देश के विभिन्न स्थानों पर करीब एक साल तक चली शूटिंग के दौरान वर्षा ने मौनी माँ के किरदार को गहराई, संवेदनशीलता और आत्मीयता के साथ निभाया। उनके सशक्त और भावपूर्ण अभिनय ने इस चरित्र को जीवंत कर दिया, जिसकी दर्शकों और समीक्षकों ने खूब सराहना की। मुंबई की फिल्मी दुनिया में लंबे समय से सक्रिय वर्षा कई विज्ञापन फिल्मों, धारावाहिकों और रचनात्मक परियोजनाओं में काम कर चुकी हैं। बाबा नीम करौली महाराज में उनकी भूमिका उनके अभिनय जीवन की बड़ी उपलब्धि है और यह मिर्जापुर, प्रयागराज, वाराणसी व पूरे पूर्वांचल के लिए गर्व का विषय बनी है।

## एनसीएल में मनाया गया 'विश्व पर्यावरण दिवस 2026'

**सोनभद्र (तरूणमित्र न्यूज)।** शुक्रवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) में प्रकृति से प्रेरितरू जलवायु के लिए, हमारे भविष्य के लिए विषय पर 'विश्व पर्यावरण दिवस' 2026 मनाया गया। एनसीएल मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एनसीएल के निदेशक (मानव संसाधन), मनीष कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि ध्वजारोहण किया एवं उपस्थित सभी लोगों को 'विश्व पर्यावरण दिवस' की शुभकामनाएँ दी।



एनसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी, अजय कुमार जायसवाल, कंपनी जेसीसी सदस्य बीएमएस से अशोक कुमार मिश्रा, आरसीएसएस से लाल पुष्पराज सिंह, एचएमएस से अशोक कुमार पांडेय, सीएमओआई प्रतिनिधि, सर्वेश कुमार सिंह, मुख्यालय के महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्षगण एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान महाप्रबंधक (पर्यावरण), राकेश कुमार द्वारा एनसीएल की होल्डिंग कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन बी. साईराम के पर्यावरण दिवस पर प्राप्त संदेश का वाचन किया गया। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपने दायित्वों की शपथ ग्रहण की।

कार्यक्रम के अंत में 'विश्व पर्यावरण दिवस' के उपलक्ष्य में निदेशक (मानव संसाधन), मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं अन्य ने मुख्यालय परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया। एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों में भी 'विश्व पर्यावरण दिवस' 2026 उत्साहपूर्वक मनाया गया एवं पौधारोपण, चित्रकला, स्लोगन व निबंध इत्यादि प्रतियोगिताओं तथा जागरूकता रैली जैसे अनेक कार्यक्रमों का भी वृहद स्तर पर आयोजन किया गया।

# तरुणमित्र

शनिवार, 06 जून 2026

संवत- 2083, ज्येष्ठ कृष्णा पक्ष.- 06


# नई उपलब्धि

*जेईई एडवांस्ड 2026 के परिणाम में सफल होने वाली छात्राओं की संख्या पहली बार 10 हजार के आंकड़े को पार कर गई। वर्ष 2016 में जहां सिर्फ 4,570 छात्राएं इस कठिन परीक्षा को उत्तीर्ण कर पाई थीं, वहीं 2026 में यह संख्या बढ़कर 10,107 हो गई है। इसे एक सांख्यिकीय उपलब्धि ही नहीं, बल्कि भारतीय समाज में बेटियों के प्रति नजरिये में बदलाव, उनके लिए बढ़ते अवसरों के साथ बेटियों के आत्मविश्वास का प्रमाण है। ऐसा इसलिए भी क्योंकि लंबे समय तक इंजीनियरिंग को पुरुषों का क्षेत्र माना जाता रहा है। इसी वजह से तकनीकी शिक्षा संस्थानों में लड़कियों की भागीदारी अपेक्षाकृत कम ही रहती आई है। यह कहा जा सकता है कि बेटियों को लेकर सामाजिक धारणाएं, संसाधनों की कमी और कई बार परिवारों की सोच जैसे कारण बेटियों के इंजीनियरिंग के क्षेत्र में आगे नहीं आने के लिए जिम्मेदार रहे। लेकिन पिछले एक दशक में तस्वीर तेजी से बदली है। सरकार की विभिन्न योजनाओं, छात्रवृत्तियों, जागरूकता अभियानों और परिवारों के बदलते नजरिये ने लड़कियों को विज्ञान एवं तकनीकी शिक्षा की ओर आगे बढ़ने का अवसर दिया है। आज बेटियां न केवल मेडिकल, प्रशासनिक सेवाओं और शोध के क्षेत्र में, बल्कि इंजीनियरिंग जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में भी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं।*

*इस उपलब्धि के बीच इस बार भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आइआइटी) में 791 सीटें बढ़ाने का निर्णय भी स्वागतयोग्य है। सीटों की संख्या बढ़ने से अधिक प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को अवसर मिलेगा। हालांकि, इस उपलब्धि के साथ एक गंभीर प्रश्न यह भी जुड़ा हुआ है कि क्या इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल करने वाले सभी युवाओं को उनकी योग्यता के अनुरूप रोजगार मिल पा रहा है? देश में बड़ी संख्या में इंजीनियरिंग स्नातक रोजगार या गुणवत्तापूर्ण रोजगार उपलब्धता की चुनौती का सामना कर रहे हैं। कई सर्वेक्षणों में यह सामने आया है कि इंजीनियरिंग डिग्री प्राप्त करने वाले अनेक छात्र उद्योगों की अपेक्षाओं के अनुरूप कौशल विकसित नहीं कर पाते। उन्हें या तो कम वेतन वाली नौकरियों से संतोष करना पड़ता है या फिर वे अपने विषय से अलग क्षेत्रों में रोजगार तलाशते हैं। ऐसे में केवल सीटें बढ़ाना या प्रवेश के अवसर उपलब्ध कराना पर्याप्त नहीं होगा। तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता, उद्योगों से जुड़ाव, शोध संस्कृति और व्यावहारिक प्रशिक्षण को भी समान महत्त्व देना चाहिए। एआइ, रोबोटिक्स, सेमीकंडक्टर, हरित ऊर्जा और उभरती तकनीकों के क्षेत्र में विद्यार्थियों को बेहतर प्रशिक्षण देना समय की मांग है। इस सकारात्मक तस्वीर के बीच सरकार का लक्ष्य यह होना चाहिए कि प्रतिभाशाली युवाओं को ऐसे अवसर भी मिलें, जहां उनकी क्षमता का पूरा उपयोग हो सके। तभी यह उड़ान केवल परीक्षा परिणामों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि देश के विकास और नवाचार की नई कहानी लिखेगी।*

## ...आज का दिन...

**मेष**- स्वविवेक से लिया गया निर्णय हितकर, प्रगति हेतु प्रयत्नशील, वरिष्ठजनों की सलाह मान्य, धनसंचय की ओर प्रवृत्ति, स्वाध्याय की ओर रुझान, यात्रा का प्रसंग।

**वृषभ**- सद्विचारों का उदय, बुद्धि-विवेक से कार्यों में सफलता, मान-सम्मान में वृद्धि, अधिक व्यय, सुपरिचितों से सहयोग, स्थान-परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम।

**मिथुन**- आज रात्रि 7/04 बजे तक दिन अशुभ, मानसिक बेचैनी, महत्वपूर्ण निर्णय लेने में विलम्ब, कष्ट भी, शेष समय अनुकूल, सामाजिक गतिविधियों की ओर रुझान।

**कर्क**- आज रात्रि 7/04 बजे तक समय संतोषजनक, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, शेष समय निराशाजनक, विवाद की आशंका, लाभ में कमी, यात्रा में परेशानी।

**सिंह**- स्वास्थ्य में सुधार, मनोभिलाषित योजनाओं में सफलता, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, बुद्धिचातुर्य से समस्याओं में कमी, निजी जिन्दगी में सुख।

**कन्या**- कार्य व्यवसाय अर्थ पक्ष में उन्नति, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, मनोविनोद के अवसर, वैवाहिक शांति।

**तुला**- आज रात्रि 7/04 बजे तक शारीरिक कष्ट, पारस्परिक सम्बन्धों में कटुता, मन अशांत, शेष समय शुभ, व्यवसाय में नवपरिवर्तन, मांगलिक आयोजन सम्पादित।

**वृश्चिक**- आज रात्रि 7/04 बजे तक दिनमान अनुकूल, पुरुषार्थ से कार्यसिद्धि, भोगविलासिता की ओर रुझान, शेष समय में कार्यों के प्रति असन्तोष, बात-बात पर क्रोध।

**धनु**- बुद्धि चातुर्य से संकल्प सिद्धि, जनसम्पर्क का सुयोग, जटिल समस्याओं का संतोषजनक समाधान, पत्नी का स्वास्थ्य सुधार पर, धनागम का सुअवसर।

**मकर**- उन्नति में सहायक, योजना के कार्यान्वयन हेतु विचार-विमर्श, दाम्पत्य जीवन मधुर, व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, जीवन में इच्छित घटना घटित।

**कुम्भ**- आज रात्रि 7/04 बजे तक लाभार्जन का मार्ग अवरुद्ध, वैचारिक अस्थिरता, व्यय से कष्ट, शेष समय में नौकरी में स्थानांतरण, व्यावसायिक विस्तार, संबंधों में मधुरता।

**मीन**- आज रात्रि 7/04 बजे तक सफलता, कार्य क्षमता में वृद्धि, विरोधी परास्त, सुयश की प्राप्ति, शेष समय में प्रतिकूलता, कार्यों में अड़चनें, मन दुविधामय।

**-: श्री विमल जैन :-**

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद् एस-2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, आकांक्षा हास्पिटल के निकट, टैगोर टाउन एक्सटेंशन भोजूबीर, वाराणसी-221002 (उ0प्र0)- मो0:-09335414722

# सपा बना सकती है पल्लवी पटेल से दूरी!

- बिना गठबंधन के कैसे अकेले लड़ पाएगी समाजवादी पार्टी
- उत्तर प्रदेश 2027: दिखने लगा है चुनाव का परिणाम



राजनीति केवल चुनाव जीतने की कला नहीं, बल्कि समाज की नब्ज को समझने और समय के अनुरूप स्वयं को ढालने की क्षमता का नाम है। उत्तर प्रदेश की राजनीति आज ऐसे ही एक निर्णायक मोड़ पर खड़ी दिखाई देती है, जहां 2027 के विधानसभा चुनाव की पटकथा धीरे-धीरे आकार ले रही है। जहां सपा के साथ किसी के गठबंधन की संभावना नहीं दिख रही है वहीं बहुजन समाज पार्टी भी भारतीय जनता पार्टी लिमिटेड चेहरा बनकर उसे जिंदा कर रही है ताकि वह पीडिए और मुस्लिम समाज का वोट काट सके। कांग्रेस भी उत्तर प्रदेश में बसपा के साथ गठबंधन की फिराक में है, क्योंकि सपा उसे सम्मानजनक सीट देने वाली नहीं है।

समाजवादी पार्टी और उसकी संभावित सहयोगी शक्तियों के बीच संबंधों को लेकर समय-समय पर उठते प्रश्न केवल राजनीतिक समीकरण नहीं हैं, बल्कि सामाजिक प्रतिनिधित्व और नेतृत्व की दिशा को लेकर भी महत्वपूर्ण संकेत देते हैं। पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन की पार्टी में बढ़ती भूमिका तथा राज्यसभा चुनाव के दौरान हुए घटनाक्रम ने यह चर्चा अवश्य तेज कर दी है कि भविष्य में समाजवादी पार्टी अपनी राजनीतिक साझेदारियों को किस रूप में आगे बढ़ाएगी। राजनीति में स्मृतियां कभी पूरी तरह समाप्त नहीं होतीं। राज्यसभा चुनाव में हुई क्रॉस वोटिंग, कुछ विधायकों का भाजपा के साथ जाना तथा सहयोगी दलों के भीतर मतभेद जैसी घटनाएं दलों के निर्णयों को प्रभावित करती हैं। इसलिए, यह स्वाभाविक है कि राजनीतिक पर्यवेक्षक समाजवादी पार्टी और पल्लवी पटेल के संबंधों को लेकर विभिन्न प्रकार के अनुमान लगा रहे हैं। हालांकि अंतिम निर्णय परिस्थितियों और राजनीतिक आवश्यकता के आधार पर ही तय होगा।

समाजवादी पार्टी की वर्तमान रणनीति "पीडीए" (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) अवधारणा के इर्द-गिर्द केंद्रित दिखाई देती है। यादव और मुस्लिम मतदाता लंबे समय से उसके पारंपरिक आधार रहे हैं, जबकि पार्टी पासी, धोबी, पाल, निषाद, राजभर, खटीक, जाटव, जाट तथा अन्य वंचित वर्गों में अपनी पैठ बढ़ाने का प्रयास कर रही है। हालांकि मछली शहर विधायक डॉ रागिनी सोनकर की वजह से सोनकर वोट का ट्रांसफर भाजपा से सपा की ओर संतोषजनक ढंग से हुआ है। मगर उनकी प्रतिभा का पार्टी उपयोग नहीं कर पा रही है। हालांकि समाजवादी पार्टी शुरू से ही वन मैन शो की पार्टी रही है इसका मकसद नेतृत्व विकास नहीं है। समाजवादी पार्टी के थिंक टैंक पर भी हंसी आती है जो कभी जिला अध्यक्ष रहे हैं उसे महिला मोर्चा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बना दिया, इसी तरह रुक्मिणी देवी को प्रदेश अध्यक्ष बना दिया गया। जबकि दोनों के पास संगठन चलाने का ना कोई अनुभव है. ना ही राजनीतिक क्षमता और समझ। इससे प्रतीत होता है कि सपा मुखिया केवल जाति के प्रतिनिधित्व के नाम पर पीडीए का कोरम पूरा कर रहे हैं। अगर उनकी मनसा ठीक होती तो रुक्मिणी देवी या सीमा राजभर की जगह काजल निषाद को बना देते। लेकिन उत्तर प्रदेश की राजनीति में कुर्मी और कोयरी, माली, धोबी जैसी बड़ी सामाजिक शक्तियों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि इन वर्गों का पर्याप्त विश्वास किसी दल को प्राप्त नहीं होता, तो पूर्ण बहुमत का मार्ग कठिन हो सकता है। दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत उसका संगठित ढांचा है। बूथ से लेकर प्रदेश स्तर तक निरंतर बैठकों, कार्यकर्ता आधारित नेटवर्क, सरकारी योजनाओं के प्रचार तथा सशक्त मीडिया प्रबंधन के माध्यम से भाजपा लगातार मतदाताओं तक अपनी बात पहुंचाने में सफल दिखाई देती है। आधुनिक राजनीति में केवल विचार पर्याप्त नहीं होते, विचार को प्रभावी ढंग से जनमानस तक पहुंचाने की क्षमता भी उतनी ही महत्वपूर्ण होती है।

समाजवादी पार्टी के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही प्रतीत होती है कि उसका राजनीतिक संदेश सोशल मीडिया और प्रेस कॉन्फ्रेंस तक सीमित न रह जाए, बल्कि गांव, कस्बों और मोहल्लों तक प्रत्यक्ष संवाद के माध्यम से पहुंचे। भारतीय राजनीति का इतिहास बताता है कि बड़े राजनीतिक परिवर्तन केवल डिजिटल मंचों से नहीं, बल्कि जनसंपर्क और संगठनात्मक विस्तार से आते हैं। अभी तक जिन प्रदेशों के चुनाव में भाजपा विजई हुई है वहां तो उसके संगठन के बल पर 40 से 45% वोट मिले हैं। बाकी जीत का आधार उसकी डिप्लोमेसी उसकी चुनावी रणनीति है। जैसे जिस प्रदेश में चुनाव हो रहे हैं वहां अन्य प्रदेश के सभी समाज के लोगों को प्रवासी बनाकर भेजना जो प्रतिदिन अपने समाज के लोगों के घर में जाकर लोगों को जागरूक करना कि हम फला प्रदेश से प्रचार करने आए हैं आप लोग भारतीय जनता पार्टी को वोट देकर देश को मजबूत बनाइये। मोदी और पार्टी के पक्ष में तरह-तरह के तर्क देकर लोगों को प्रभावित किया जा रहा है साथ ही अपनापन बनाने के लिए उनके घर भोजन भी किया जा रहा है। उन्हें बड़े-बड़े नेताओं से मिलवाया भी जा रहा है।

इसके अतिरिक्त बहुजन समाज पार्टी और असदुद्दीन ओवैसी की राजनीति का प्रभाव भी चुनावी गणित को प्रभावित कर सकता है। यदि विपक्षी मतों का विभाजन होता है, तो उसका लाभ स्वाभाविक रूप से भाजपा को मिल सकता है। मुस्लिम दलित ओवैसी वोट काटने के लिए ही बसपा अपना उम्मीदवार खड़ा करेगी। हालांकि चुनावी राजनीति में वोटों का सीधा स्थानांतरण हमेशा संभव नहीं होता और अंतिम परिणाम अनेक स्थानीय परिस्थितियों और प्रत्याशी पर निर्भर करता है। इतिहास गवाह है कि कोई भी चुनाव केवल गणित से नहीं जीता जाता। 2007 में मायावती की सामाजिक इंजीनियरिंग, 2012 में अखिलेश यादव की युवा छवि और 2017 तथा 2022 में भाजपा का संगठनात्मक विस्तार-इन सभी ने यह सिद्ध किया कि समय के साथ राजनीतिक धाराएं बदलती रहती हैं। इसलिए 2027 का परिणाम आज निश्चित रूप से घोषित कर देना जल्दबाजी होगी। फिर भी इतना अवश्य कहा जा सकता है कि यदि समाजवादी पार्टी सत्ता परिवर्तन का सपना देख रही है, तो उसे केवल विरोध की राजनीति से आगे बढ़कर वैकल्पिक शासन मॉडल, व्यापक सामाजिक प्रतिनिधित्व, मजबूत संगठन और गांव-गांव तक पहुंचने वाली संवाद व्यवस्था विकसित करनी होगी।

वहीं भाजपा के लिए भी सत्ता विरोधी लहर, स्थानीय मुद्दों और जन अपेक्षाओं को संतुलित प्रबंधन चुनौती बना रहेगा। अंततः लोकतंत्र में कोई भी परिणाम पूर्व निर्धारित नहीं होता। जनता अंतिम निर्णायक होती है। राजनीतिक दल रणनीति बनाते हैं, नेता भाषण देते हैं, संगठन मेहनत करते हैं, लेकिन अंतिम फैसला मतदाता ही लगाता है। इसलिए 2027 की राजनीति को लेकर निष्कर्ष निकालने की बजाय इसे एक खुली राजनीतिक प्रक्रिया के रूप में देखना अधिक उचित होगा, जहां अभी कई अध्याय लिखे जाने बाकी हैं। यह लेख विश्लेषणात्मक शैली में लिखा गया है और किसी दल के पक्ष या विपक्ष में निष्कर्ष देने के बजाय राजनीतिक परिस्थितियों, संगठन, सामाजिक समीकरण और चुनावी रणनीति के आधार पर विमर्श प्रस्तुत करता है।


**डॉ सुनील कुमार**

**(चुनाव विश्लेषक एवं मीडिया गुरु)**

**असिस्टेंट प्रोफेसर जनसंचार विभाग वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर**


# अनन्या समर्थ: संघर्ष, समर्पण और सफलता की प्रेरणादायक कहानी



मनोरंजन जगत की चमक-दमक के पीछे अथक मेहनत, संघर्ष और निरंतर प्रयास की लंबी कहानी छिपी होती है। ऐसी ही प्रेरणादायक कहानी है टेलीविजन अभिनेत्री अनन्या समर्थ की, जिन्होंने अपनी प्रतिभा और दृढ़ संकल्प के बल पर इंडस्ट्री में एक अलग पहचान बनाई है।

अनन्या समर्थ ने टीवी सीरियल्स, वेब सीरीज़, विज्ञापनों और म्यूजिक एल्बम्स सहित मनोरंजन के विभिन्न माध्यमों में काम किया है। वर्तमान में वह लोकप्रिय टीवी धारावाहिक मन सुंदर में अग्नि और मिस्टर एंड मिसेज परशुराम में प्राची का किरदार निभा रही हैं। एक साथ दो धारावाहिकों में काम करते हुए उन्होंने अपनी शानदार अभिनय क्षमता से दर्शकों के दिलों में विशेष स्थान बनाया है।

अभिनय के अलावा अनन्या एक प्रशिक्षित शास्त्रीय कथक नृत्यांगना भी हैं। बचपन से ही कला के प्रति उनका झुकाव रहा और उन्होंने लगातार अपने हुनर को निखारने का प्रयास किया। अभिनय और नृत्य दोनों क्षेत्रों में उन्होंने कई पुरस्कार और प्रतियोगिताएं जीती हैं, जो उनकी प्रतिभा और मेहनत का प्रमाण हैं। अनन्या ने बातचीत के दौरान अपने शुरुआती संघर्षों, करियर के महत्वपूर्ण पड़ावों और सपनों के शहर मुंबई में अपनी पहचान बनाने की यात्रा को साझा किया। उन्होंने बताया कि अभिनेता बनने का सपना उन्होंने बचपन से ही देखा था और उसी लक्ष्य को पाने के लिए लगातार मेहनत करती रहीं।

उनकी अभिनय यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव तब आया जब मन सुंदर में अग्नि की दमदार भूमिका के लिए उन्हें टेलीविजन के बेस्ट विलेन श्रेणी में नामांकन प्राप्त हुआ। इस किरदार में उनके प्रभावशाली प्रदर्शन ने दर्शकों और समीक्षकों दोनों का ध्यान आकर्षित किया।

हाल ही में अनन्या लोकप्रिय समाचार चैनल आज तक के एक विशेष साक्षात्कार में भी दिखाई दीं, जहां उन्होंने अपने बचपन से लेकर सफल अभिनेत्री बनने तक की प्रेरणादायक यात्रा साझा की। उनकी कहानी उन हजारों युवाओं के लिए प्रेरणा है जो मनोरंजन जगत में अपना भविष्य बनाना चाहते हैं।

अनन्या समर्थ का मानना है कि एक कलाकार की असली सफलता दर्शकों के दिलों तक पहुंचने में है। वह आगे भी अपने अभिनय से लोगों का मनोरंजन करती रहेंगी और जीवनभर अपने सपनों को जीती रहेंगी।

अनन्या की यात्रा यह साबित करती है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो, मेहनत निरंतर हो और आत्मविश्वास अटूट हो, तो कोई भी सपना हकीकत में बदला जा सकता है।

## चंदौली

# बुकिंग के 45 दिन बाद भी नहीं मिला सिलेंडर

## भड़के लोगों ने हाईवे पर लगाया दो किलोमीटर लंबा जाम

**तरूणमित्र न्यूज**

**डीडीयू नगर, चंदौली।** उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। यहाँ स्थित जसूरी गैस एजेंसी पर गैस सिलेंडरों की आपूर्ति में लगातार हो रही देरी को लेकर शुक्रवार को उपभोक्ताओं के सब्र का बांध टूट गया। नाराज और परेशान उपभोक्ताओं ने सुबह के वक्त ही नेशनल हाईवे पर इकट्ठा होकर चक्का जाम कर दिया और गैस एजेंसी प्रबंधन के खिलाफ जोरदार विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया।इस अचानक हुए चक्का जाम के कारण नेशनल हाईवे पर देखते ही देखते वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। प्रदर्शन की वजह से हाईवे पर करीब दो किलोमीटर तक का भारी ट्रैफिक जाम लग गया और यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया।

**पुलिस ने 3-4 को लिया हिरासत में**



हाईवे पर प्रदर्शन कर रहे गुस्साए उपभोक्ताओं का सीधा आरोप था कि गैस सिलेंडर की बुकिंग कराने के 45 दिन बीत जाने के बावजूद उन्हें डिलीवरी नहीं दी जा रही है। लोग पिछले कई हफ्तों से लगातार गैस एजेंसी के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। उपभोक्ताओं ने यह भी दावा किया कि जब वे पूछताछ के लिए जाते हैं, तो एजेंसी के कर्मचारी उनके साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। लोगों का आरोप है कि आम जनता के हक के सिलेंडरों की खुलेआम कालाबाजारी की जा रही है, जिसके चलते यह कृत्रिम किल्लत पैदा हुई है।

जैसे ही नेशनल हाईवे जाम होने की सूचना सदर कोतवाली पुलिस को मिली, महकमे में हड़कंप मच गया और पुलिस बल तुरंत मौके पर पहुंचा। शुरुआत में पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को बातचीत के जरिए सड़क खाली करने के लिए समझाने-बुझाने का काफी प्रयास किया। जब उग्र उपभोक्ता सड़क से हटने के लिए तैयार नहीं हुए, तो पुलिस को कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्ती बरतनी पड़ी। पुलिस ने बल प्रयोग करते हुए जाम हटवाया और मौके से तीन से चार प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया। काफी मशक्कत के बाद हाईवे पर दोबारा सुचारू रूप से यातायात बहाल कराया जा सका।

इस हंगामे और लंबे जाम की वजह से हाईवे से गुजरने वाले आम मुसाफिरों, महिलाओं और बच्चों को भीषण गर्मी के बीच भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। चिलचिलाती धूप में घंटों फंसे रहने के कारण राहगीर और वाहन चालक बेहाल हो गए। मौके पर मौजूद ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने स्थानीय जनता का पक्ष लेते हुए कहा कि यह क्षेत्र लंबे समय से गैस संकट से जूझ रहा है और उन्होंने प्रशासन से इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। चक्का जाम समाप्त होने के बाद, पुलिस की कड़ी निगरानी में गैस एजेंसी परिसर से सिलेंडरों का वितरण दोबारा शुरू कराया गया, जिसके बाद हालात सामान्य हो सके। फिलहाल सदर कोतवाली पुलिस गैस आपूर्ति में देरी के मुख्य कारणों की पड़ताल कर रही है।

# चंदौली में कारीगरों को निःशुल्क मिलेंगी दोना, पॉपकॉर्न मशीनें: गिरजा प्रसाद

**तरूणमित्र न्यूज**

**चंदौली।** चंदौली में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से दोना मेकिंग और पॉपकॉर्न मेकिंग मशीनों का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी गिरजा प्रसाद ने बताया कि उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के माध्यम से यह पहल की जा रही है।



वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए चंदौली जिले को 08 दोना मेकिंग मशीनें और 08 पॉपकॉर्न मेकिंग मशीनें वितरित करने का लक्ष्य मिला है। इन मशीनों का लाभ पारंपरिक कारीगरों और स्वरोजगार में रुचि रखने वाले व्यक्तियों को मिलेगा। इच्छुक लाभार्थी जिनकी आयु 18 से 50 वर्ष के बीच है, वे ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन upkvib.gov.in वेबसाइट पर 'ऑनलाईन टूलकिट्स पंजीकरण एवं आवंटन' अनुभाग के तहत किया जा सकता है। आवेदन की अंतिम तिथि 20 जून 2026 निर्धारित की गई है। यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार को बढ़ावा देने और स्थानीय लोगों की आमदनी बढ़ाने में बेहद मददगार है।

आवेदन के साथ आधार कार्ड, फोटोग्राफ, शिक्षा प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र और राशन कार्ड जैसे दस्तावेज संलग्न करने होंगे। इन दस्तावेजों को गंगा रोड, रामजी कटरा स्थित जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, चंदौली में जमा किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 7703006951 और 7800649332 पर संपर्क किया जा सकता है।

# जागेश्वरनाथ धाम से गूंजी हरित क्रांति की हुंकार

**तरूणमित्र न्यूज**

**चकिया, चंदौली।** विश्व पर्यावरण दिवस पर चकिया के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व वाले जागेश्वरनाथ धाम, हेतिमपुर में आयोजित भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम ने पर्यावरण संरक्षण का मजबूत संदेश दिया। चन्द्रप्रभा रेंज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, वन विभाग के अधिकारियों और ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी करते हुए पौधारोपण किया तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया।





कार्यक्रम की अध्यक्षता महंत अनुप गिरी ने की जबकि मुख्य अतिथि के रूप में विधायक कैलाश खरवार, भाजपा जिलाध्यक्ष काशीनाथ सिंह एवं संघ चालक वीरेन्द्र सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मेला प्रभारी अरविंद सिंह 'बबलू' ने किया। इस अवसर पर विधायक कैलाश खरवार ने कहा कि प्रकृति और पर्यावरण का संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की गारंटी है। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष काशीनाथ सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं बल्कि समाज की सामूहिक भागीदारी से ही यह अभियान सफल होगा। कार्यक्रम में उपस्थित पर्यावरणविद एवं वृक्षबंधु डॉ. परशुराम सिंह ने लोगों को प्रेरित करते हुए कहा कि पौधे लगाना ही नहीं, बल्कि उन्हें पेड़ बनने तक संरक्षित रखना सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बढ़ता तापमान और बदलता मौसम मानवता के लिए चेतावनी है, जिसका समाधान अधिक से अधिक वृक्षारोपण और संरक्षण में ही निहित है। उधर चकिया विकासखंड में एडीओ पंचायत नारायण दत्त के नेतृत्व में जागरूकता रैली निकाली गई तथा सभी ग्राम पंचायतों में कुल 2444 पौधों का रोपण किया गया।

"एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत लोगों ने पौधों की सुरक्षा का भी संकल्प लिया। कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, प्रधान संघ अध्यक्ष रामलाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# गड़ई नदी की खुदाई में किसानों के साथ सौतेला व्यवहार: राम किशुन

**तरूणमित्र न्यूज**

**डीडीयू नगर, चंदौली।** गड़ई नदी की खुदाई में एक ओर जहां किसानों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। वहीं डीडीयू नगर में सड़क चौड़ीकरण के नाम पर व्यापारियों के साथ भी शासन और प्रशासन ज्यादती कर रहा है। उक्त बातें पूर्व सांसद रामकिशुन ने गुरुवार को सपा कार्यालय टूटने के बाद पहली बार मानसनगर स्थित कैंप कार्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान कही।



उन्होंने कहा कि गड़ई नदी की खुदाई के लिए मिर्जापुर जिले में आधा दर्जन पोकलेन लगाई गई हैं, वही चंदौली में सिर्फ एक या दो पोकलेन से खुदाई कराई जा रही है। इससे बरसात से पूर्व खुदाई पूरी होना असंभव है। साथ ही नदी की खुदाई में मानक की अनदेखी की जा रही है। आरोप लगाया कि अभी तक शासन से खुदाई के लिए बजट ही पास नहीं हुआ है। बरसात से ठीक पहले सीमित संसाधनों से खुदाई इसलिए शुरू कराई जा रही है ताकि बारिश शुरू हो जाए और धन का बंदरबांट हो सके। कहा कि जिला प्रशासन बाढ़ राहत चौकी बना रहा है। बावजूद क्षेत्र में बाढ़ रोकने का प्रयास भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा है।

यदि बाढ़ रोकने का प्रयास होता तब राहत चौकियों के स्थापना की जरूरत ही नहीं पड़ती। उन्होंने नदी की गहराई बढ़ाने के साथ ही तटबंधों को भी मजबूत कराने की आवश्यकता बताई।

वहीं डीडीयू नगर में सड़क चौड़ीकरण पर उन्होंने कहा कि इसमें सबसे बड़ा दोषी लोक निर्माण विभाग और नगर पालिका परिषद है। यदि व्यापारियों को बेदखल किया जा रहा है। तब उनके लिए पुनर्वास की भी व्यवस्था की जानी चाहिए। इस मौके पर पूर्व प्रमुख बाबूलाल यादव, जिला पंचायत सदस्य मुलायम सिंह यादव, प्रेमनाथ तिवारी आदि मौजूद रहे।

# बलुआ पुल बना हादसों का हॉटस्पॉट! अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ गंभीर घायल

## सराय गांव के पास तेज रफ्तार पिकअप ने मारी टक्कर, जिला अस्पताल रेफर

**तरूणमित्र न्यूज**

**चहनिया (चंदौली)।** बलुआ थाना क्षेत्र के सराय गांव के समीप शुक्रवार को तेज रफ्तार अज्ञात पिकअप वाहन की टक्कर से एक अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान हरधनजूड़ा गांव निवासी जितेंद्र विश्वकर्मा के रूप में हुई है।

स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चहनिया पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। बताया जाता है कि जितेंद्र विश्वकर्मा कबाड़ का व्यवसाय कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। वह कबाड़ बेचने के लिए चहनिया कस्बे की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सराय गांव के पास तेज गति से आ रही एक अज्ञात पिकअप ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच शुरू कर दी। उल्लेखनीय है कि गुरुवार को भी बलुआ क्षेत्र में एक वैगनआर कार और बाइक की भिड़ंत में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया। पुलिस ने कार और चालक को हिरासत में ले लिया है।

क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि बलुआ पक्का पुल बनने के बाद इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही और रफ्तार दोनों बढ़ी हैं, जिसके चलते आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। लगातार हो रहे हादसों ने आमजन की चिंता बढ़ा दी है तथा सड़क सुरक्षा के प्रति प्रशासनिक कार्रवाई की मांग तेज हो गई है।

# मुख्यमंत्री दरबार पहुंची सैयदराजा नगर पंचायत की शिकायत

**तरूणमित्र न्यूज**

**डीडीयू नगर, चंदौली।** जिले के अंतर्गत आने वाली आदर्श नगर पंचायत सैयदराजा में विकास कार्यों और सरकारी धन के बंदरबांट के गंभीर आरोपों ने अब तूल पकड़ लिया है। इस मामले में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष शंकर प्रसाद जायसवाल द्वारा सीधे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दरबार में शिकायत दर्ज कराई गई थी। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा मामले का कड़ा संज्ञान लेने और जिलाधिकारी कार्यालय को निर्देश भेजने के बाद स्थानीय प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। जिलाधिकारी के आदेश पर अपर जिलाधिकारी स्तर से इस पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है।

पूर्व चेयरमैन शंकर प्रसाद जायसवाल ने वर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी (ईओ) पर आपस में मिलीभगत करने का सीधा आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि दोनों की शह पर विकास कार्यों के नाम पर व्यापक स्तर पर वित्तीय अनियमितताएं और धांधली की जा रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी बजट का दुरुपयोग कर व्यक्तिगत लाभ कमाया जा रहा है, जिससे राज्य सरकार के राजस्व को भारी नुकसान पहुंच रहा है। पूर्व चेयरमैन ने इस पूरे गठजोड़ की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त विधिक कार्रवाई की मांग की है। मुख्यमंत्री को सौंपे गए शिकायत पत्र में यह साफ उल्लेख किया गया है कि नगर पंचायत क्षेत्र के कई वार्डों में पहले से ही सुदृढ़ और अच्छी स्थिति में बनी सड़कों तथा नालियों को जानबूझकर तोड़ा जा रहा है। विकास कार्यों के नाम पर अनावश्यक और फर्जी खर्च दिखाकर सरकारी धन को ठिकाने लगाया जा रहा है। इसके साथ ही, वार्ड संख्या-3 हजरत मोहिनी नगर सहित कई अन्य इलाकों में पुरानी इंटरलॉकिंग ईंटों को उखाड़कर दूसरी जगहों पर लगाया जा रहा है, जबकि सरकारी कागजों और फाइलों में इन्हें नया निर्माण कार्य दर्शाकर पूरा भुगतान उठाया जा रहा है। इस कथित भ्रष्टाचार में कूड़ेदान वितरण योजना का मामला भी बेहद चौंकाने वाला है। शिकायत के अनुसार, नगर पंचायत के सभी 13 वार्डों में जनता को कूड़ेदान वितरित करते हुए तस्वीरें खिंचवाई गईं और प्रचार किया गया। लेकिन, फोटो खिंचवाने के तुरंत बाद उन कूड़ेदानों को वापस ले लिया गया।

इस योजना में बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा होने की आशंका जताई गई है। गौरतलब है कि इस मामले में पूर्व चेयरमैन से पहले कई मौजूदा सभासदों ने भी सात अलग-अलग बिंदुओं पर वित्तीय गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए प्रशासन को ज्ञापन सौंपा था, लेकिन स्थानीय स्तर पर कार्रवाई न होने के कारण मामला लखनऊ तक पहुंचा। सैयदराजा नगर पंचायत में हाई-प्रोफाइल प्रशासनिक जांच शुरू होने के बाद से ही पूरे चंदौली जिले और राजनीतिक हलकों में सरगर्मी तेज हो गई है। स्थानीय जनता की निगाहें अब जिला प्रशासन की इस जांच प्रक्रिया और शासन को भेजी जाने वाली अंतिम रिपोर्ट पर टिकी हुई हैं। शिकायतकर्ता और क्षेत्र के लोगों को उम्मीद है कि मुख्यमंत्री कार्यालय की निगरानी में हो रही इस निष्पक्ष जांच से भ्रष्टाचार की परतें खुलेंगी। यदि जांच में आरोपों की पुष्टि होती है, तो संबंधित अधिकारियों, ठेकेदारों और जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों पर बड़ी गाज गिरना तय माना जा रहा है।

# भूमि विवादों के निस्तारण को लेकर सख्त हुए डीएम

## एसडीएम को दिया लंबित मामले खत्म करने का निर्देश

**बलिया।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने गुरुवार को विकास भवन सभागार राजस्व विभाग के विभिन्न बिन्दुओं पर समीक्षा बैठक करते हुए सभी उप जिलाधिकारियों (एसडीएम) को निर्देश दिया कि उनके स्तर पर कोई भी प्रकरण लंबित न रहे। उन्होंने भूमि विवादों के प्रभावी निस्तारण के लिए विशेष अभियान चलाकर शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही जिलाधिकारी ने विकास परियोजनाओं, सड़कों और अन्य जनहित कार्यों के लिए हो रहे भूमि अधिग्रहण की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि भूमि अधिग्रहण से जुड़े किसी भी विवाद की जानकारी तत्काल प्राप्त कर उसका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाए, ताकि जनपद के विकास कार्य प्रभावित न हों। बैठक में कार्यदाई संस्था के प्रतिनिधियों ने भी अपनी समस्याएं रखीं,


बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह

जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित एसडीएम को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अभियंता से माल्देपुर से बाईपास तक प्रस्तावित सड़क के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने 17 विकास खंडों में हेलीपैड निर्माण की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विकास खंड में एक हेलीपैड का निर्माण किया जाना है। इसके लिए सभी स्थानों का भूमि चिन्हित कर एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके अलावा जिलाधिकारी ने बाढ़ खंड के अधिशासी अभियंता से महाराजगंज और नौरंगा क्षेत्र में चल रहे बंधा निर्माण कार्यों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि विकास एवं निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में समस्त एसडीएम, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं सभी उप जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

## जनपद के पहलवान विवेक चौहान थाईलैंड में

**आज़मगढ़।** जनपद के उभरते पहलवान विवेक चौहान का चयन थाईलैंड में आयोजित होने वाली यू-15 एशियन कुश्ती चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में हुआ है। 26 जून से 5 जुलाई 2026 तक आयोजित होने वाली इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में विवेक चौहान 85 किलोग्राम फ्रीस्टाइल भार वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। विवेक चौहान, वीरेंद्र कुमार चौहान के पुत्र हैं और आजमगढ़ जिले के चंदौका गांव, पोस्ट-पठखौली के निवासी हैं। उन्होंने कुश्ती का प्रारंभिक प्रशिक्षण सुखदेव पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम, आजमगढ़ में प्रशिक्षक जयप्रकाश यादव एवं गोविंद यादव के निर्देशन में प्राप्त किया। वर्तमान में वह स्पोर्ट्स हॉस्टल गोरखपुर में प्रशिक्षण ले रहे हैं। गत 3 मई 2026 को साई सेंटर लखनऊ में आयोजित यू-15 भारतीय कुश्ती टीम चयन ट्रायल में विवेक ने 85 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय टीम में जगह बनाई। इससे पूर्व वह तमिलनाडु में आयोजित यू-15 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं।

# "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत डीएम ने किया वृक्षारोपण

2 फोटो सहित

**बलिया।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित अपने कार्यालय में कदम का पौधा लगाकर वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अनिल कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट आसाराम वर्मा तथा उपस्थित पत्रकारों ने भी पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण बढ़ाने के उद्देश्य से जनपद में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले में इस वर्ष 6 लाख 16 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। न्होंने कहा कि वृक्षारोपण कार्यक्रम सभी विकास खंडों, तहसीलों तथा ग्राम पंचायतों में संचालित किया जाएगा। प्रशासन द्वारा विभिन्न विभागों के समन्वय से



पौधरोपण के साथ-साथ उनके संरक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि लगाए गए पौधे भविष्य में बड़े वृक्ष बनकर पर्यावरण को लाभ पहुंचा सकें। जिलाधिकारी ने लोगों से भी अपील की कि वे एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़कर अधिक से अधिक पौधे लगाएं और उनकी देखभाल करें। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित करने का संकल्प है। इस दौरान अधिकारियों, कर्मचारियों और पत्रकारों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर नारी शक्ति संस्थान ने बांटा पौधा



**आजमगढ़।** विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर नारी शक्ति संस्थान द्वारा नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यावरण जागरूकता अभियान चलाकर 151 पौधों का वितरण किया गया। इस दौरान लोगों को वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए संदेश दिया गया कि वृक्ष धरा के आभूषण हैं, जो करते दूर प्रदूषण हैं।

संस्थान की सचिव डॉ. पूनम तिवारी ने कहा कि वृक्ष पृथ्वी का श्रृंगार हैं और जितनी अधिक हरियाली होगी, आने वाली पीढ़ियां उतनी ही सुरक्षित एवं खुशहाल रहेंगी। उन्होंने लोगों से केवल पौधे लगाने ही नहीं, बल्कि उनके बड़े होने तक संरक्षण और देखभाल करने का भी आह्वान किया। उन्होंने बताया कि नारी शक्ति संस्थान पिछले 16 वर्षों से व्यापक स्तर पर पर्यावरण जागरूकता एवं पौधारोपण अभियान संचालित कर रहा है।

डॉ. तिवारी ने कहा कि लगातार घटती हरियाली के कारण प्रकृति हमें चेतावनी दे रही है। यदि समय रहते पर्यावरण संरक्षण के लिए गंभीर प्रयास नहीं किए गए तो बढ़ता तापमान और अन्य प्राकृतिक आपदाएं मानव जीवन के लिए और अधिक चुनौती बन सकती हैं। उन्होंने कहा कि संतुलित पर्यावरण से ही मौसम अनुकूल रहेंगे और पर्याप्त वर्षा संभव होगी।

अभियान के तहत नगर के भंवरनाथ चौराहा एवं नरौली तिराहा पर आम, अमरूद, आंवला, नीम और नींबू सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधों का वितरण किया गया।

# अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को आकर्षित करेगा बलिया का सुरहा ताल

## अनेक प्रवासी तथा स्थानीय पक्षियों के लिए महत्वपूर्ण आवास स्थल है यह पक्षी विहार

**बलिया।** उत्तर प्रदेश के बलिया जनपद स्थित जयप्रकाश नारायण पक्षी विहार (सुरहा ताल) को रामसर साइट घोषित किया गया है। अंतरराष्ट्रीय दर्जा मिलने से इसे वैश्विक पहचान प्राप्त होगी, जिससे विदेशी पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होने की संभावना है। पर्यटकों की सुविधाओं के विकास के लिए उत्तर प्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड निरंतर प्रयासरत है। सुरहा ताल के समीप विभिन्न पर्यटक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं, ताकि यहां आने वाले आगंतुक एक यादगार अनुभव प्राप्त कर सकें।

उत्तर प्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड द्वारा बलिया जनपद के सुरहा ताल के निकट स्थित मैरीटार गांव में 4.99 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इस योजना के अंतर्गत ओपन एयर थिएटर, पाथवे, हॉर्टिकल्चर कार्य, साइनेज, चिल्ड्रेन एरिया, मल्टीपर्पज हॉल, घाट विकास, बर्ड वाचिंग टावर, कियोस्क, इंटरप्रिटेशन गैलरी, बेंच तथा अन्य सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। सुरहा ताल आर्द्रभूमि अपनी समृद्ध पक्षी जैव विविधता के लिए प्रसिद्ध है और अनेक प्रवासी तथा स्थानीय पक्षियों का महत्वपूर्ण आवास स्थल है। यह अंतरराष्ट्रीय मान्यता सुरहा ताल को वैश्विक स्तर पर नई पहचान प्रदान करेगी तथा क्षेत्र में विदेशी पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेगी। इस वर्ष फरवरी से अब तक उत्तर प्रदेश की तीन आर्द्रभूमियों को रामसर साइट का दर्जा प्राप्त हुआ है। फरवरी में एटा स्थित पटना पक्षी विहार, अप्रैल में अलीगढ़ स्थित शेखा पक्षी विहार तथा अब सुरहा ताल को रामसर स्थल के रूप में अधिसूचित किया गया है।

### अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती : जयवीर सिंह

उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि %ए रामसर स्थलों की अधिसूचना से इन क्षेत्रों में घरेलू के साथ-साथ विशेष रूप से विदेशी पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, जिससे स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश में आर्द्रभूमियों के संरक्षण की यह पहल न केवल जैव विविधता संरक्षण को सुदृढ़ करेगी, बल्कि प्रवासी पक्षियों के संरक्षण, जल सुरक्षा, पारिस्थितिक संतुलन तथा स्थानीय समुदायों की आजीविका को भी सशक्त बनाएगी। राज्य सरकार आर्द्रभूमियों के संरक्षण एवं प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। रामसर कन्वेंशन आर्द्रभूमियों के संरक्षण एवं उनके सतत उपयोग के लिए स्थापित एक अंतरराष्ट्रीय संधि है, जिसकी शुरुआत वर्ष 1971 में ईरान के रामसर शहर में हुई थी। इसका उद्देश्य वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण आर्द्रभूमियों की पहचान कर उन्हें रामसर साइट के रूप में नामित करना तथा उनके संरक्षण और प्रबंधन को सुदृढ़ बनाना है।



# पुलिस अधीक्षक ने ली परेड की सलामी

**बलिया।** पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा परेड ग्राउंड पुलिस लाइन जनपद बलिया में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ली गई एवं एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल की कार्यवाही का निरीक्षण कर उसे और बेहतर तरीके से कराने के लिए सम्बंधित को निर्देशित किया।

इस दौरान पुलिस बल के शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए स्वयं के साथ समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण से दौड़ लगवायी गयी एवं टोलीवार ड्रिल कराई गई तथा अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए सुझाव दिये गये। इसी क्रम में महोदय द्वारा थानों में मौजूद दंगा नियंत्रण उपकरणों, फर्स्ट ऐड किट आदि विभिन्न उपकरणों का निरीक्षण करके उपकरणों की नियमित साफ-सफाई व समुचित देख-रेख व कुशल संचालन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। परेड के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) दिनेश कुमार शुक्ला, अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) बलिया संजयय वर्मा तथा समस्त क्षेत्राधिकारी सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी गण मौजूद रहें।

## पूर्व कांग्रेस नेता वृंदावन खरवार के निधन पर दी गई श्रद्धांजलि

**रेवतीपुर।** रेवतीपुर ग्राम पंचायत के पूर्व कांग्रेसी नेता एवं प्रादेशिक खरवार सभा के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय वृंदावन खरवार के दरवाजे पर पहुंचकर कांग्रेस का एक प्रतिमंडल दल श्रद्धांजलि दी साथ ही साथ राष्ट्रीय आदिवासी कांग्रेस के तरफ से शोक संवेदना पत्र दिया गया कांग्रेस कार्यकर्ता एवं खरवार समाज के लोगों ने कहा कि स्वर्गीय वृंदावन खरवार अध्यापक के साथ साथ सामाजिक व्यवस्थाओं में अपनी अग्रणी भूमिका निभाई थे इन्होंने कांग्रेस से जुड़कर कांग्रेस संगठन को मजबूत करने का काम किया। उनके मृत्यु अपूर्णिय क्षति है। मोहम्मदाबाद विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉक्टर जनक कुशवाहा ने कहा कि स्वर्गीय वृंदावन खरवार कांग्रेस के सच्चे सिपाही थे उनका योगदान कांग्रेस और समाज के लिए असमरणीय रहेगा उनके मृत्यु पर सारे कांग्रेसी तथा समाज के लोग मर्माहत हैं। भगवान से प्रार्थना की जाती है कि वह मृत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अयूब अंसारी विनोद कुमार सिंह शशि भूषण राय कुंदन खरवार गोपाल राम खरवार ओमप्रकाश खरवार श्याम बिहारी खरवार अमित कुमार खरवार संजीत खरवार बलराम खरवार जयप्रकाश खरवार उपेंद्र कुमार खरवार आयुष कुमार खरवार वीरू यादव आकाश कुमार खरवार विनीत खरवार नीरज खरवार रमाशंकर खरवार सहित तमाम लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

# हरिहर राजभर सपा में शामिल

तरूणमित्र न्यूज

**सिकंदरपुर (बलिया)।** समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक शुक्रवार को स्थानीय पार्टी कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए मो. जियाउद्दीन रिजवी ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में विकास कार्य ठप पड़े हैं और अपराध की घटनाओं में वृद्धि हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि दलितों, पिछड़ों एवं अल्पसंख्यकों के अधिकारों की अनदेखी की जा रही है तथा बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर नहीं मिल रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से भाजपा सरकार की कथित जनविरोधी नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया।

इस दौरान भाजपा पिछड़ा प्रकोष्ठ के महासचिव रहे हरिहर राजभर ने भाजपा छोड़कर समाजवादी पार्टी की सदस्यता


बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित वक्ता

ग्रहण की। उन्होंने कहा कि भाजपा में पिछड़े वर्गों की उपेक्षा हो रही है, जिसके कारण उन्होंने सपा की सदस्यता लेने का निर्णय लिया। बैठक को भीष्म यादव, अनंत मिश्रा, नंदू चौहान, प्रेम शंकर राय, हरिहर राजभर, अवधेश राजभर, अरविंद चौहान, विरु राय, विनोद राम, बंगाली राम, हरिकिशन पासवान, हरिशंकर सिंह, रामकेवल प्रजापति तथा संजय यादव सहित अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया। बैठक की अध्यक्षता रामजी यादव ने की, जबकि संचालन बीर बहादुर वर्मा ने किया।

## सरल सौम्य कर्मठ एवं नेतृत्व क्षमता की धनी है बहन मीनाक्षी नटराजन : डॉ. जनक

**मोहम्मदाबाद।** मोहम्मदाबाद विधानसभा के ग्राम पंचायत बरेजी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा बनाए गए राज्यसभा सासद के प्रत्याशियों के लिस्ट निकालने पर खुशियां मनाएं कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया और उनकी जीत की अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव एवं मोहम्मदाबाद विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी डॉक्टर जनक कुशवाहा ने राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वर्तमान में राष्ट्रीय महासचिव तेलंगाना की प्रभारी माननीय मीनाक्षी नटचन जी को मध्य प्रदेश से राज्यसभा सांसद प्रत्याशी बनाए जाने पर खुशी का इजहार करते हुए कहा कि माननीय मीनाक्षी नटराजन सरल सौम्य ईमानदार और नेतृत्व क्षमता की धनी है पंचायती राज संगठन को बूथ से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर एक पहचान दिलाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई माननीया मीनाक्षी नटराजन जी कार्यकर्ताओं के साथ घुल मिलकर के उनकी क्षमता को निखारने का काम करती है राज्यसभा सांसद बनने के बाद गरीब मजलूम एवं अंतिम पक्ति में खड़े व्यक्तियों के लिए संसद में उनकी आवाज उठायेगी निश्चित तौर पर कार्यकर्ता उनकी उम्मीदवारी से प्रफुलित है और इसके लिए माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे माननीय श्रीमती सोनिया गांधी जी माननीय राहुल गांधी जी माननीय प्रियंका गांधी जी तथा वरिष्ठ नेताओं को आभार ज्ञापित करते हैं कि ऐसे कर्मठ मृदुभाषी और गरीबों की लड़ाई लड़ने वाली माननीय मीनाक्षी नटराजन जी को राज्यसभा पहुंचने का काम किया है।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अयूब अंसारी विनोद कुमार सिंह कुंदन खरवार महेंद्र कुशवाहा शशि भूषण राय गयासुद्दीन अंसारी जफरुल्लाह अंसारी झुंना शर्मा चन्द्र शेखर यादव रमेश प्रधान सुरेंद्र राम सहित तमाम कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खुशी का इजहार किया।

# पर्यावरण संरक्षण जीवन के लिए बेहद जरूरी

**भांवरकोल (गाजीपुर)।** क्षेत्र के मार्टिन चिल्ड्रेन एकेडमी में आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शैक्षिक तथा गैर शैक्षिक सहयोगियों के साथ विविध पौधों का संरक्षण, संवर्धन एवं रोपण किया गया। मौके पर प्रबंधक अवधेश पाण्डेय के कुशल और अनुभवी निर्देशन में प्राचार्य डॉ ब्रजेश कुमार, इको क्लब के अध्यक्ष जे. एस. यादव सहित अन्य शैक्षिक और मोहन, झब्बू, पप्पु, संदीप, सुमन, ममता, आशा जी सहित कई अशैक्षिक सदस्य भौतिक रुप से उपस्थित थे। अलग-अलग कक्षाओं के बच्चों ने भी अवकाश के दौरान अपने अपने घर में ही शुद्ध, सुरक्षित व स्वास्थ्यवर्धक पर्यावरण के प्रति अपनी जागरूकता प्रदर्शित किया। अध्यापकों ने आभाषी पटल पर पर्यावरण संरक्षण से संबद्ध एक विचार विमर्श किया जिसके अनुकरण में अवकाश के उपरांत छात्र-छात्राओं को उचित निर्देश देकर प्रकृति को अनुकूल करने हेतु समाज को एक उदाहरण प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम का मूल विचार -प्रकृति की गोद में सुरक्षित एवं संवर्धित जीवन था। पर्यावरण संरक्षण जीवन के लिए बेहद जरूरी है।

**North Eastern Indira Gandhi Regional Institute of Health & Medical Sciences (NEIGRIHMS), Shillong, Meghalaya.**
(An Autonomous Institute under Ministry of Health & Family Welfare, Government of India)
NEIGRIHMS
**VACANCY CIRCULAR**
**Advertisement No.EST-II-APTF0FAFP/1/2024-Estt-II dated 25.05.2026**
Applications are invited from eligible candidates for filing up 1 (one) post of Financial Adviser in the Pay Level-13 (Rs.123100-215900) of the pay Matrix in North Eastern Indira Gandhi Regional Institute of Health & Medical Sciences (NEIGRIHMS), Shillong on deputation basis, an autonomous organization under the Ministry of Health and Family Welfare. NEIGRIHMS is a premier medical institution set up by the Government of India on the lines of AIIMS, Delhi and PGIMER, Chandigarh.
The last date for submission of application is 45 days from the date of publication of the advertisement in the Employment News.
For details relating to eligibility criteria etc, and to download the prescribed application form kindly visit the Institute website www.neigrihms.gov.in
Sd/-
Director,
NEIGRIHMS, Shillong.
CBC: 17119/11/0009/2627

# 500 कुख्यात अपराधियों के यहां एक साथ दबिश

**आजमगढ़।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से आजमगढ़ पुलिस द्वारा चलाया गया चार दिवसीय विशेष सत्यापन अभियान गुरुवार को सम्पन्न हो गया। अभियान के दौरान लूट, डकैती, जानलेवा हमले, तस्करी, परीक्षा में नकल कराने तथा अन्य गंभीर अपराधों में संलिप्त रहे 500 कुख्यात अपराधियों के यहां एक साथ दबिश देकर उनका भौतिक सत्यापन किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक नगर मधुबन कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर शुभम तोदी के मार्गदर्शन में सर्किल नगर क्षेत्र में सोमवार से गुरुवार तक यह विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के सफल संचालन के लिए प्रतिदिन 50 पुलिस टीमों का गठन किया गया। प्रत्येक टीम में एक उपनिरीक्षक और चार आरक्षियों को शामिल किया गया था।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सभी टीमों को विस्तृत ब्रीफिंग के बाद एक साथ रवाना किया गया और चिन्हित अपराधियों के घरों पर पहुंचकर उनकी वर्तमान स्थिति का सत्यापन किया गया। इस दौरान अपराधियों की गतिविधियों, आजीविका के साधनों, सामाजिक व्यवहार, रहन-सहन तथा आपराधिक प्रवृत्तियों से संबंधित सूचनाएं एकत्रित की गईं। साथ ही प्रत्येक अपराधी का डोजियर तैयार कर उसे अद्यतन किया गया। पुलिस के अनुसार अभियान का मुख्य उद्देश्य यह पता लगाना था कि पूर्व में अपराधों में संलिप्त रहे व्यक्ति वर्तमान में सामान्य जीवन व्यतीत कर रहे हैं या फिर दोबारा अपराध की दुनिया से जुड़कर कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती बन रहे हैं।

## एंबुलेंस की टक्कर से दो की मौत




**आजमगढ़।** जिले के बरदह थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का अस्पताल में उपचार चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, बरदह थाना क्षेत्र के राजेपुर गांव के पास एक तेज रफ्तार एम्बुलेंस ने ऑटो रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो रिक्शा के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में एक महिला और एक पुरुष की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल अस्पताल भिजवाया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल रहा है।

## रेवतीपुर ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने अयूब अंसारी का किया स्वागत

**रेवतीपुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रेवतीपुर के तत्वाधान में नवनियुक्त असंगठित कामगार एवं कर्मचारी संगठन के पूर्वी जोन के प्रदेश अध्यक्ष अयूब अंसारी का स्वागत किया गया। स्वागत समारोह में कार्यकर्ताओं ने कहा कि अयूब अंसारी जमीनी स्तर के कार्यकर्ता है और इनको प्रदेश की जिम्मेदारी देकर के कार्यकर्ताओं में उत्साह लाने का प्रयास किया गया है। इसके लिए माननीय मल्लिका अर्जुन खड़गे सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी तथा उदित राज को कोटि-कोटि धन्यवाद ज्ञापित किया जाता है। अयूब अंसारी जमीनी कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय बनाकर के कार्यों को गति देते रहते हैं। निश्चित तौर पर उनके कार्यों से पूर्वी उत्तर प्रदेश में कांग्रेस को मजबूती मिलेगी। स्वागत समारोह में मुख्य रूप से पूर्व प्रदेश सचिव डॉक्टर जनक कुशवाहा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शशि भूषण राय विनोद सिंह कुंदन खरवार गोपाल राम खरवार मजहर हुसैन अखिलेश यादव अशोक कुशवाहा महेंद्र कुशवाहा रवीश कुमार अशोक खरवार योगेंद्र खरवार अवध बिहारी खरवार सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

निःसन्तान दम्पत्ति निराश न होवें
बाँझपन के सर्वोत्तम इलाज के लिए
शकुन्तला आईवीएफ सेन्टर
सेवा का अवसर दें
निवेदक

डा0 रामअवध यादव
डा0 शकुन्तला यादव
डा0 आनन्द वर्द्धन
डा0 अन्शु कुमारी

पचहटिया, आजमगढ़ रोड, जौनपुर
Mob.: 8931931199, 9918805642

